रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
GOVERNMENT OF INDIA

सं. 398] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 30, 2002/वैशाख 10, 1924
No. 398] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 30, 2002/VAISAKHA 10, 1924

गृह मंत्रालय

(एन. ई. डिवीजन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 अप्रैल, 2002

नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (एन एल एफ टी) और ऑल त्रिपुरा टाईगर फोर्स (ए टी टी एफ) के मामले में अधिकरण की रिपोर्ट

रिपोर्ट

का. आ. 471(अ).—विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) (जिसे इसमें इसके बाद अधिनियम कहा गया है) की धारा-3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने भारत के राजपत्र (असाधारण) में 19 अक्तूबर, 2001 को नई दिल्ली में प्रकाशित गृह मंत्रालय की अधिसूचना के द्वारा नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (एन एल एफ टी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ए टी टी एफ) को विधि-विरुद्ध संगम घोषित किया था। उक्त अधिसूचना निम्न प्रकार है :—

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर, 2001

का0आ0 986 (अ)--यतः नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (अब से इन्हें एन0एल0एफ0टी0 के रूप में जाना जाए) का स्पष्ट लक्ष्य अन्य सशस्त्र अलगाववादी संगठनों के सहयोग और सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से त्रिपुरा को भारत से अलग करके स्वतंत्र " **बोरोक्लैण्ड त्विपरा**" की स्थापना करना तथा अलगाव के लिए त्रिपुरा के स्थानीय लोगों को भड़काना है, जिससे त्रिपुरा को भारत से अलग किया जा सके ।

और यतः ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (जिसे इसके पश्चात ए0टी0टी0एफ0 कहा गया है) का स्पष्ट लक्ष्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य सशस्त्र अलगाववादी संगठनों के सहयोग से, त्रिपुरा, असम, [illegible] नागालैण्ड, मेघालय तथा अरुणाचल प्रदेश को शामिल करके सात प्रदेशों के एक पृथक राष्ट्र की स्थापना करना, जिससे उक्त राज्य भारत से अलग हो सकें तथा इन राज्यों को भारत संघ से अलग करने के लिए सशस्त्र [illegible] को जारी रखना है और इस प्रकार इन राज्यों को भारत से अलग करना है ।

और यतः केन्द्र सरकार का मत है कि एन0एल0एफ0टी0 और ए0टी0टी0एफ0 :

(I) अपने लक्ष्य के अनुसरण में विद्रोही तथा हिंसक गतिविधियों में लिप्त है [illegible] प्रकार इन्होनें सरकार के प्राधिकार को क्षति पहुंचाई है तथा लोगों में डर व [illegible]

(II) नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैण्ड (एन0एस0सी0एन0) (आई0एम0) के इसाक स्व गुट, दि यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) तथा मणिपुर के मैतई उग्रवादी संगठनों जैसे अन्य विधि विरुद्ध संगठनों के साथ संपर्क बनाए हैं जिसका लक्ष्य उनका समर्थन हासिल करना है,

(III) हाल के पिछले कुछ समय में अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई हिंसक तथा विधि विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहे हैं जो कि भारत की प्रभुसत्ता तथा एकता के लिए हानिकर है ।

और यतः केन्द्रीय सरकार का यह भी मत है कि हिंसक एवं विधि विरुद्ध गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल हैं :-

(क) नागरिकों तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्या,

(ख) त्रिपुरा में व्यवसायियों एवं व्यापारियों सहित जनता से जबरन धन ऐंठना,

(ग) असामाजिक एवं अवैध माध्यमों से भारी मात्रा में परिष्कृत शस्त्र व गोलाबारूद जुटाना तथा उन्हें गुप्त रूप से पड़ोसी देश के माध्यम से भारत में लाना,

(घ) सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण, शस्त्र व गोलाबारूद आदि जुटाने के प्रयोजन के लिए पड़ोसी देश में शिविर स्थापित करना तथा उन्हें बनाए रखना,

(ङ) त्रिपुरा में जनजातीय एवं गैर जनजातीय समुदायों के बीच साम्प्रदायिक संघर्ष उत्पन्न करने एवं उनमें वृद्धि करने के लिए अन्य त्रिपुरा जनजातीय संगठनों के साथ संबंध स्थापित करना और उन्हें बनाए रखना ।

और यतः केन्द्र सरकार का मत है कि एन0एल0एफ0टी0 और ए0टी0टी0एफ0 की उपरोक्त गतिविधियां भारत की प्रभुसत्ता एवं अखण्डता विरोधी हैं तथा ये विधि विरुद्ध संगम हैं,

अतः अब विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार एतद्द्वारा नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एन0एल0एफ0टी0) और दि ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ए0टी0टी0एफ0) को एक विधि विरुद्ध संगम घोषित करती है ।

और यतः केन्द्र सरकार का यह भी मत है कि यदि इन पर तत्काल नियंत्रण न किया गया तो एन0एल0एफ0टी0 और ए0टी0टी0एफ0 को अवसर मिलेगा कि वे :-

(I) अपने काडर की अलगाववादी, विद्रोही, आतंकवादी/ हिंसक गतिविधियां बढ़ाएंगे,

(II) भारत की प्रभुसत्ता एवं राष्ट्रीय अखण्डता के विरूद्ध शक्तियों के साथ सहभाग करके राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का प्रचार करेंगे,

(III) नागरिकों तथा पुलिस व सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्याओं में वृद्धि में लिप्त हो जाएंगे,

(IV) अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पार से और अधिक गैर कानूनी हथियार एवं गोलाबारूद प्राप्त करने तथा जुटाने में लिप्त हो जाएंगे,

(V) गतिविधियों के लिए जनता से बड़ी राशि इकट्ठा करने तथा जबरन धन ऐंठने में लिप्त हो जाएंगे।

और यतः उपरोक्त परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र सरकार की पक्की राय है कि एन0 एल0 एफ0 टी0 और ए0टी0टी0एफ0 को तत्काल प्रभाव से एक विधि विरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है, और तदनुसार उक्त खण्ड-3 की उपधारा-3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि उक्त अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत किए जाने वाले किसी भी अध्यादेश के अध्यधीन, यह अधिसूचना सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी ।

(सुरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार

चूंकि अधिसूचना के नियमानुसार, इस अधिसूचना को यह निर्णय करने के उद्देश्य से इस अधिकरण को भेजना होता है कि क्या उक्त संगमों, अर्थात नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स को विधि विरुद्ध संगम घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण मौजूद हैं अथवा नहीं। इसलिए भारत सरकार ने इस अधिनियम की धारा 5 की उप-धारा (1) के तहत् 19 अक्तूबर, 2001 को एक अधिसूचना जारी की जिसके द्वारा यह निर्णय करने के उद्देश्य से इस अधिकरण का गठन किया गया कि क्या नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स को विधि विरुद्ध संगम घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण विद्यमान हैं अथवा नहीं। उक्त अधिसूचना निम्न प्रकार पठित है :-

गृह मंत्रालय
अधिसूचना

नई दिल्ली, दिनांक 2002

का0 आ0 1054 (अ) विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स और नेशनल लिब्रेशन फ्रंट आफ त्रिपुरा को विधिविरूद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं, एतद्द्वारा, दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री एस0 के0 महाजन की अध्यक्षता में एक 'विधिविरूद्ध कार्यकलाप (निवारण) अधिकरण' का गठन करती है।

(सुरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव, (एन0ई0)

उपर्युक्त संगमों को अधिनियम के तहत विधि विरूद्ध संगम घोषित करने का कारण यह था कि ये संगम त्रिपुरा को भारत संघ से अलग किए जाने की मांग कर रहे थे तथा इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये वे लगातार अलगाववादी, विध्वंसक, हिंसक तथा आतंकवादी गतिविधियों में संल्पित थे। अपने अलगाववादी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उक्त संगठनों ने पृथक संविधान अंगीकृत कर रखे थे जिनमें सिविलियन ढांचे वाली एक पृथक 'लोकगणतान्त्रिक सरकार' की व्यवस्था की गई थी । उनके पास पृथक सशस्त्र विंग भी था जिसमें नियमित सेना की तर्ज पर स्तरानुसार ढांचे की व्यवस्था थी और जो अत्याधुनिक हथियारों समेत भारी मात्रा में हथियारों से सज्जित था । नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फार्स अपने गठन के समय से ही भारी संख्या में विध्वंसात्मक कार्यकलापों के लिए जिम्मेदार रहे हैं, जिनमें पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों पर हमले, शस्त्र एवं गोलाबारूद की लूट, नागरिकों के विरूद्ध हिंसा, अपहरण एवं लूट-खसोट शामिल है। वे लगातार अवैध तरीकों से शस्त्र और गोलाबारूद प्राप्त कर रहे थे। उनकी अलगाववादी गतिविधियां देश की प्रभुसत्ता एवं अखण्डता को खतरा पैदा कर रही थीं, लोकव्यवस्था को बाधित कर रही थीं, राज्य के विकास को निष्फल कर रही थीं और जनता में आतंक पैदा कर रही थीं । वे लोगों से भारी लूट-खसोट कर रहे थे तथा सरकारी कर्मचारियों को भी 'कर नोटिसों' के द्वारा लूटते थे। सरकार के पास यह भी सूचना थी कि विगत 20 वर्षों से त्रिपुरा में धीमी गति से विद्रोह फैल रहा था। हालांकि वास्तविक रूप में लगभग 20 सशस्त्र जनजातीय गुटों की ही पहचान की गई थी, परन्तु उनमें से केवल दो (ए.टी.टी.एफ.तथा एन एल एफ टी) ही ज्यादातर हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे तथा उनकी विचारधारा ऐसी थी कि उनके मुख्य कार्यकलाप आर्थिक लाभ के लिए हत्या, लूट-खसोट, अपहरण आदि तक ही सीमित रह गए थे । व्यापक रूप से, घने जंगलों से युक्त तथा जनजातीय आधिपत्य वाला पूरा त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र, स्वायत्त जिला परिषद क्षेत्र जनजातीय उग्रवादियों एवं शरारती तत्वों द्वारा की गई हिंसा की चपेट में था। यह हिंसा अधिकतर गैर जनजातीय लोगों को निशाना बनाकर की गई

थी। टी.टी.ए.ए.डी.सी. क्षेत्र से बाहर के क्षेत्र, जहां गैर जनजातियों (बंगालियों) का आधिपत्य है, कम प्रभावित थे।

राज्य में 29 पुलिस थानों को पूर्णतः या अंशतः अशान्त घोषित किए जाने के बावजूद एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ दोनों लगातार हिंसा एवं लूट-खसोट में संलिप्त रहे। वस्तुतः, एन एल एफ टी की हिंसा, जो तेजी से बढ़ती रही है, वर्ष 2000 में अधिकतम स्तर पर पहुंच गई थी जिसमें हिंसा की कुल 491 घटनाओं में 216 व्यक्ति मारे गए तथा 484 व्यक्तियो का अपहरण किया गया । एन एल एफ टी की हिंसा में साम्प्रदायिक रूप में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई । ए टी टी एफ की हिंसा जिसमें विगत् वर्षों में कमी की प्रवृत्ति नजर आई थी, में वर्ष 2001 में बढ़ोतरी हुई। ये दोनों संगठन त्रिपुरा से गैर जनजातीय लोगों, विशेषकर बंगालियों को बाहर निकालने की मांग करते रहे हैं। इन संगठनों के हमले मुख्यतः गैर जनजातीय लोगों को प्रत्यक्ष निशाना बनाकर किए जाते हैं जिससे प्रायः थोड़ा सा भड़काने पर भी जनजातीय झगड़े और तनाव उत्पन्न हो जाते हैं । इन उग्रवादी संगठनों के कार्यकलापों के कारण राज्य में अन्दर ही अन्दर जनजातीय बनाम गैर जनजातीय तनाव की लहर चल रही है।

1997 से इन दोनों संगठनों द्वारा की गई हिंसा में वृद्धि हुई है जिसका ब्यौरा निम्नलिखित है:-

वर्ष	**ए टी टी एफ द्वारा मारे गए व्यक्तियों (सुरक्षा बलों/पुलिस कार्मिकों) की संख्या**	**एन एल एफ टी द्वारा मारे गए व्यक्तियों (सुरक्षा बलों/पुलिस कार्मिकों)की संख्या**
1997	95 (-)	116(44)
1998	38 (1)	149(21)
1999	42 (7)	154 (33)
2000	23 (4)	216 (11)
2001	47 (9)	170 (26)

ए टी टी एफ तथा एन एल एफ टी दो मुख्य संगठित आतंकवादी गुट हैं जिनमें से पहला एक पृथक 'जनजातीय भूमि' राज्य की मांग करता रहा है तथा दूसरा अभी भी त्रिपुरा की आजादी की मांग कर रहा है।

1993 के मध्य में स्थापित ए टी टी एफ की अध्यक्षता में लगभग 150 दुर्दान्त सशस्त्र व्यक्ति हैं और इसका नेतृत्व रणजीत देववर्मा के हाथ में है। यह पूरे धलाई जिले, खोवई, कल्याणपुर, लेतिमुरा, जिरानिया,

तथरजला तथा प0 त्रिपुरा जिले के सिधाई थाना क्षेत्रों, कैलाशहर, फटिकराय तथा उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्रों और द0 त्रिपुरा जिले के बीरगंज, आर.के.पुर., ताइडू और ओम्पी थाना क्षेत्रों में सक्रिय है ।

1989 में गठित एन एल एफ टी का नेतृत्व विश्व मोहन देववर्मा के हाथ में है और इसके पास लगभग 200 दुर्दान्त सशस्त्र कार्यकर्ता हैं । ऐसा समझा जाता है कि इसका प्रभाव धलाई जिले, प0 त्रिपुरा जिले के कल्याणपुर एवं तकरजला थाना क्षेत्र, उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर और वाधमान थाना क्षेत्र; और द0 त्रिपुरा जिले के बीरगंज ताइडू, नूतन बाजार, शांतिरबाजार और ओम्पी थाना क्षेत्रों में है। फरवरी, 1997 में 19 थाना क्षेत्रों एवं उसके बाद और अधिक क्षेत्रों को अशांत क्षेत्र घोषित करने से एन एल एफ टी के कार्यकलापों पर कतई कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके विपरीत इस संगठन ने विभिन्न क्षेत्रों में खुद को सुदृढ़ बनाया है और यह त्रिपुरा के एक बड़े आतंकवादी संगठन के रूप में उभरा है ।

ए टी टी एफ और एन एल एफ टी दोनों के बंगलादेश में प्रशिक्षण शिविर और छिपने के ठिकाने हैं और ये हिंसा की बड़ी वारदातों के बाद शरण लेने के लिए प्रायः बंगलादेश के भू-भाग का प्रयोग करते हैं इनमें से अधिकांश घटनाओं की योजना बंगलादेश में बनायी जाती हैं और ये बंगलादेश की भूमि से ही कार्यान्वित की जाती हैं । उन्होंने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार प्राप्त कर लिए हैं और बताया जाता है कि ये पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही गुटों से घनिष्ठ सम्पर्क बनाये हुए हैं । हाल की रिपोर्टों से त्रिपुरा में अपने अभियानों में एक और एन एल एफ टी ओर एन एस सी एन (आई/एम) तथा दूसरी ओर ए टी टी एफ और उल्फा के बीच बढ़ते संबंधों का पता चलता है ।

इन जनजातीय उग्रवादियों/सशस्त्र शरारती तत्वों ने पुलिस/सुरक्षा बलों तथा निर्दोष गैर-जनजातीय (विशेष रूप से बंगालियों) पर हमला करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई ताकि उन्हें त्रिपुरा छोड़ने के लिए बाध्य किया जा सके। इन आतंकवादियों के अधिकांश पीड़ित गैर-जनजातीय लोग विशेष रूप से बंगाली है । इससे राज्य में जनजातीय तथा गैर जनजातीय लोगों के बीच काफी मतभेद पैदा हो गया है जिसके परिणामस्वरूप वंश-वाद की स्थिति पैदा हो गई है जिसके कारण छोटी-छोटी बातों पर जातीय झगड़े हो जाते है।

सरकार का यह भी मानना था कि उक्त दोनों संगठनों पर चार वर्ष की अवधि तक प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद जनजातीय विद्रोह त्रिपुरा में गम्भीर चिंता का विषय बना रहा । नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स दोनों अवैध कर वसूली करके, जबरन धन ऐंठकर तथा फिरौती के लिए अपहरण करके भारी मात्रा में धन इकट्ठा करने में लगे हुए हैं। नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स के गठन मे विशेष रूप से अपने अंतिम उद्देश्य के रूप में अलग जनजातीय राज्य की माग करने से उनके भारत से त्रिपुरा के अलगाव के इरादे का पता चलता है ।

उक्त दोनों संगठनों पर 1997 में पहली बार प्रतिबंध लगाया गया था। तथापि, प्रतिबंध के बावजूद उक्त संगठन अपनी विद्रोही गतिविधियों को जारी रखे हुए हैं जिससे त्रिपुरा में सुरक्षा की गम्भीर चिंता उत्पन्न हो गई है। अतः सरकार का यह मत था कि इन संगठनों पर प्रतिबंध को 3 अक्टूबर, 2001 से दो और वर्ष की

अवधि तक जारी रखने संबंधी अधिसूचना जारी करना उचित है। अतः इस अधिनियम की धारा 3 की उप धारा (3) के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का-प्रयोग करते हुए दिनांक 3 अक्टूबर, 2001 की वर्तमान अधिसूचना जारी की गई जिसमें उक्त दोनों संगठनों अर्थात, नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स को तत्काल प्रभाव से विधि विरूद्ध संगम घोषित किया गया तथा यह निर्णय करने के लिए इस अधिकरण को पत्र लिखा गया कि क्या इस अधिनियम के तहत उक्त संगठनों को विधि विरूद्ध संगम घोषित किए जाने का पर्याप्त कारण है या नहीं । प्रतिबंध को और बढ़ाने के संबंध में निर्णय करने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित बातों पर विचार किया गया:-

"i) एन एल एफ टी द्वारा भारत से त्रिपुरा के अलगाव तथा ए टी टी एफ द्वारा सैवन सिस्टर्स के पृथक राष्ट्र के गठन की नीति को अपनाए रखना;

ii) भारत की प्रभुसत्ता तथा अखंडता के लिए अहितकर गतिविधियों में शामिल रहना;

iii) अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के साधनों के रूप में सशस्त्र कार्रवाई के माध्यम से हिंसा तथा आतंक को अपनाए रखना;

iv) व्यवसायियों, व्यापारियो तथा यहां तक कि सरकारी कर्मचारियों सहित आम जनता से बड़े स्तर पर जबरन धन ऐंठना तथा अवैध कर वसूली;

v) पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही संगठनों के साथ संबंध तथा उन्हें सहायता प्रदान करना । जबकि एन एल एफ टी ने नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैण्ड [एन एस सीएन (आई/एम)] के इसाक-मुईवाह गुट के साथ संबंध बना लिए है वहीं ए टी टी एफ ने यूनाइटेड लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ असम (उल्फा) तथा मणिपुर के मैतई उग्रवादी संगठनों के साथ संबंध विकसित कर लिए हैं ।

vi) पड़ोसी बंगलादेश में अपने शरण स्थलों एवं सुरक्षित आश्रयों को बनाए रखना;

vii) गुप्त तरीकों से तथा विभिन्न सुरक्षा बलों से छीनकर भारी मात्रा में परिष्कृत शस्त्र एवं गोलाबारूद जुटाना।"

इस मामले के प्राप्त होने पर तथा सरकार के प्रतिनिधियों की सुनवाई के बाद तथा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई सामग्री का अवलोकन करने के बाद संतुष्ट होने पर इस अधिनियम की धारा 4 की उप धारा (2) के तहत नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स दोनों को नोटिस जारी किए गए थे। यह निदेश दिया गया कि नोटिस उसी प्रकार से दिए जाएं जिस प्रकार से केन्द्रीय सरकार द्वारा नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी अधिसूचना जारी गई थी, अर्थात त्रिपुरा में प्रचलित तथा प्रकाशित होने वाले डेली नेशनल एवं स्थानीय समाचार पत्रों तथा रेडियो और दूरदर्शन पर प्रसारण के माध्यम से । यह भी निदेश दिया गया इन नोटिसों को जिला एवं तहसील मुख्यालयों, जो भी संभव हों, पर प्रत्येक जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार के कार्यालय पर नोटिस बोर्ड पर चिपकाया जाए। इन नोटिसों को उन स्थानो में प्रचलित किसी दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा भी जारी करने का निदेश दिया गया जहा त्रिपुरा राज्य में या उसके बाहर इन संगठनों की स्थापनाएं थीं या जहां इनकी उपस्थिति की जानकारी था । जब 20 दिसम्बर, 2001 को अधिकरण की दिल्ली मे बैठक हुई तो अधिकरण के ध्यान में यह बात लाई गई

कि 24 नवम्बर, 2001 के "दैनिक संवाद", 23 नवम्बर, 2001 के "देश कथा"; 23 नवम्बर, 2001 के "भावी भारत" और 24 नवम्बर, 2001 के "त्रिपुरा आब्जर्वर" आदि समाचार पत्रों में प्रकाशन के द्वारा इन दोनों संगठनों को उचित रूप से नोटिस जारी किए गए थे । आकशवाणी तथा दूरदर्शन के स्थानीय केन्द्रों के विभिन्न बुलेटिनों के माध्यम से भी इस नोटिस को तामील किए जाने की व्यवस्था की गई थी तथा जिला मजिस्ट्रेट, सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट तथा खंड विकास अधिकारियों के कार्यालय के मुख्य भागों पर इन नोटिसों को चिपकाकर इनका व्यापक प्रचार किया गया था। त्रिपुरा राज्य तथा भारत संघ के विद्वान वकील को सुनने के बाद यह अधिकरण इस बात से संतुष्ट हो गया कि चूंकि इन विभागों के पास प्रतिबंधित संगठनों के कोई ज्ञात पते उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए समाचार पत्रों में प्रकाशन तथा आकशवाणी, दूरदर्शन के माध्यम से तथा चिपकाकर उक्त संगठनों को इन नोटिसों का तामील किया जाना उचित है। चूंकि इन संगठनों की ओर से कोई प्रस्तुत नहीं हुआ, इसलिए इस अधिकरण ने उनकी अनुपस्थिति में इस मामले पर कार्रवाई शुरू की तथा राज्य सरकार और संघ सरकार दोनों को यह निदेश दिया कि वे उक्त दोनों संगठनों पर प्रतिबंध को उचित ठहराने संबंधी अपने तर्क के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करके शपथ पत्र दायर करें ।

भारत सरकार और त्रिपुरा राज्य सरकार की ओर से विधिवत हलफनामे प्रस्तुत किए गये थे और 4 फरवरी, 2002 को हुई सुनवायी में यह निदेश दिया गया कि न्यायाधिकरण इस मामले पर अगली सुनवायी दिनांक 8 मार्च, 2002 को दिल्ली में दिनांक 16 एवं 18 मार्च,2002 को अगरतला में करेगा। फिर भी दिनांक 8 मार्च, 2002 को दिल्ली में की गयी सुनवायी में अगरतला में सुनवायी के लिए पूर्व निर्धारित तारीखों को बदल दिया गया और निदेश दिया गया कि गवाही को रिकार्ड कर लिया जाए तथा अगरतला में सुनवायी दिनांक 21 व 23 मार्च 2002 को होगी । 22 मार्च, 2002 को न्यायाधिकरण ने अपनी बैठक अगरतला में की तथा श्री के.अम्बुली, संयुक्त सचिव (गृह) त्रिपुरा सरकार, श्री रामफल, अवर सचिव(गृह) भारत सरकार, श्री मनीश कुमार, जिलाधिकारी, पश्चिम त्रिपुरा, श्री अनुराग, पुलिस अधीक्षक, पश्चिम त्रिपुरा, श्री ए. थ, अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पश्चिम जिला, त्रिपुरा, श्री नन्दलाल दास, पुलिस उपनिरीक्षक, कचूचेड़ा, पुलिस थाना अम्बासा, ढलाई जिला, त्रिपुरा, श्री एम एल मजूमदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सी आई डी त्रिपुरा तथा श्री जितेन्द्र देबवार्मा, उप सम्भागीय पुलिस अधिकारी कैलाशहर उत्तर त्रिपुरा सहित आठ गवाहों के बयान दर्ज किए । श्री के0 अम्बुली, संयुक्त सचिव (गृह) त्रिपुरा सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों ने अपने लक्ष्य और उद्देश्य के रूप में भारत संघ से त्रिपुरा के विच्छेदन को समर्थन दिया है और इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए वे निरन्तर रूप से विच्छेदनकारी, विध्वंसक, हिंसक तथा आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं । एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों के संविधानों में त्रिपुरा का भारत संघ से विच्छेदन अपना उद्देश्य बताया गया है। श्री अम्बुली के अनुसार पूर्ववर्ती शाही राज्य त्रिपुरा को, अक्टूबर, 1949 में भारत संघ में शमिल किया गया । विलयन के पश्चात त्रिपुरा भारत का अभिन्न अंग बन गया। श्री अम्बुली के अनुसार ए टी टी एफ और एन एल एफ टी ने अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए एक पृथक संविधान अंगीकार किया जिसमें सिविलियन प्रणाली की साज सज्जा युक्त पृथक जनतान्त्रिक सरकार का प्रावधान है। उन्होंने नियमित

सेना की प्रणाली पर वंश परम्परागत स्वरूप की एक पृथक फौज भी बनाई। वे अत्याधुनिक हथियारों सहित भारी संख्या में हथियारों से लैस हैं।

यह भी अभिकथन किया गया कि अपने गठन के समय से एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों भारी संख्या में विध्वंसक गतिविधियों के लिए जिम्मेदार हैं । उनके क्रियाकलापों में शामिल हैं पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों पर हमला, हथियार एवं गोला बारूद लूटना, आम जनता पर हिंसक अत्याचार करना, अपहरण तथा बलपूर्वक धन उगाही करना । वे अवैध तरीके से भी हथियार और गोलाबारूद प्राप्त करते रहे। त्रिपुरा को भारत संघ से आजाद कराकर स्वतंत्र 'बोरोक्लैण्ड त्विपुरा' की स्थापना के अपने घोषित लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों देश की सम्प्रभुता को बाधित करने, लोक व्यवस्था में बाधा डालने, राज्य के विकास को अवरूद्ध करने तथा आम जनता में भय पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न विच्छेदनकारी और विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं।

ए टी टी एफ और एन एल एफ टी दोनों जनता तथा सरकारी कर्मचारियों से 'टैक्स नोटिस' देकर भारी धन उगाही करते हैं। ए टी टी एफ तथा एन एल एफ टी दोनों भारी संख्या में हिंसक और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं एन एल एफ टी और ए टी टी एफ संगठन द्वारा किए गए अपराधों की रिपोर्टों का सारांश निम्नलिखित है:-

<u>एन एल एफ टी द्वारा वर्ष 2000 के दौरान किए गए अपराध</u>

दिनांक 1-1-2000 को सायं लगभग 17.30 बजे, एन एल एफ टी के 14/15 अज्ञात उग्रवादियों ने ताइडू थाना (पी.एस) के अन्तर्गत आने वाले गांव काशी चन्द्र पाड़ी पर हमला किया और रबि देबबर्मा (60) सुपुत्र (स्व0) श्री अनन्त देबवर्मा की हत्या कर दी तथा मृतक के एवं कुछ अन्य घरों में आग लगा दी । उग्रवादियों ने काशी चन्द्र पाड़ा के दस जनजातीय लोगों पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया । (भारतीय दंड संहिता की धारा 148/149/325/302/436 आर्म्स एक्ट की धारा 27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, की धारा 13 के अन्तर्गत ताइडू थाना,में दर्ज वाद सं0 1/2000)

दिनांक 8-1-2000 को अपराह्न 12.30 बजे एन एल एफ टी के (13/14) उग्रवादियों ने आश्रमबाड़ी जा रही एक यात्री जीप (टी आर टी-2327) को खोवाई थाना के पश्चिम कारंगीछेड़ा के पास रोक लिया तथा उसमें आग लगा दी। जब उस जीप के यात्री इधर-उधर दौड़ने लगे तो उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं । परिणामतः (1) नारायण दास (34) सुपुत्र श्री (स्व0) नृपेन्द्रदास (2) माणिक सौतल (38) सुपुत्र (स्व) श्री डुखाल सौतल (3) रामलाल गौड़ (28) सुपुत्र (स्व.) श्री मेघनाथ गौड़ (4) मनोरंजन साबर (30) सुपुत्र (स्व0) श्री तोब्रा साबर और (5) लालूदास (22) (टी आर टी-2327 का चालक) सुपुत्र स्वर्गीय गोसाईं गोविन्द दास नामक 5 यात्री, जो सभी खोवाई पुलिस थाना के गांव आश्रमवाड़ी के थे, मारे गए 6 अन्य यात्री, जो आश्रमबाड़ी गांव के थे, को गम्भीर

चोटें आयीं। उन्हें खोवाई अस्पताल में भर्ती किया गया (खोवाई पुलिस थाना मे भारतीय दंड संहिता की धारा 148/149/302/307/427 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत दर्ज वाद स0 2/2000) दिनांक 12-12-2000 को लगभग 1430 बजे एन एल एफ टी उग्रवादियों के एक दल ने सिलचर जा रही यात्री बस (टी आर एस-1511) को नाटुनबाजार-सिलचरी मार्ग पर आलूटोला, पुलिस थाना, नाटुनबाजार, के पास रोक लिया तथा सबरूम पुलिस थाना के गांव गोरकप्पा के नारायण चौधरी (50) सुपुत्र (स्व0) विपिन चौधरी को गोलियों से भून दिया। उग्रवादियों ने बीरगंज पुलिस थाना के गांव मैलक निवासी श्री रणजीत सिल (45) सुपुत्र स्व0 श्री गोविन्द सिल नामक व एक यात्री का अपहरण कर लिया । गोलाबारी में सबरूम पुलिस थाना के गोरकप्पा की श्रीमती भारती करमाकर को चोटें आयीं । उग्रवादियों ने उक्त श्रीमती करमाकर से गहने, नकदी आदि छीन लिए । (नाटुनबाजार पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 396/364 (क) और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत दर्ज मामला सं0 1/2000)

दिनांक 12.2.2000 को करीब 1830 बजे 7/8 एन एल एफ टी उग्रवादियों ने दक्षिण मेचुरिया, थाना सलेम के सचिन्द्र नामशूद्र के घर पर छापा मारा और 4 व्यक्तियों अर्थात (1) देवेन्द्र नामशूद्र, पुत्र दिनेश नामशूद्र (2) तपन नामशूद्र पुत्र गिरीन्द्र नामशूद्र (3) मनमोहन नामशूद्र पुत्र गिरीन्द्र नामशूद्र (4) प्रहलाद नामशूद्र पुत्र राजेन्द्र नामशूद्र का अपहरण कर लिया। ये सभी 4 व्यक्ति दक्षिण मेचुरिया, थाना सलेम के हैं। (सलेम थाने में मामला सं0 7/2000 शस्त्र अधिनियम की धारा 27 और भारतीय दंड संहिता की उपधारा 364 (ए) के अधीन दर्ज किया) ।

दिनांक 18.2.2000 को करीब 1010 बजे 7/8 उग्रवादियों ने गौड़नगर चाय सम्पदा के प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार नाथ, सुपुत्र स्व0 जयगोविन्द नाथ, जोरहाट, भोरहाट, पुलिस स्टेशन, असम को मार दिया और दो अन्य लोगों अर्थात् (1) श्रीमती बिन्दु रानी नाथ पत्नी स्व0 धीरेन्द्र कुमार नाथ और (2) श्री लाल मोहन कबीर फंटी सुपुत्र राज कुमार फंटी, ड्राइवर, चाय संपदा, गौड़नगर को घायल कर दिया । यह घटना तब घटी जब ये लोग चाय संपदा में अपनी ड्यूटी कर रहे थे (आई पी सी की धारा 365/302/325 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत धर्मनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 13/2000)।

5.5.2000 को लगभग 2200 बजे एन एल एफ टी के उग्रवादियों के एक दल (7/8) ने बाइखोड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत, ईस्ट चरकवई के मजूमदार गोपाल के घर पर छापा मारा और गोलियां चलाईं जिससे नेपाल मजूमदार, गोपाल मजूमदार का भाई घायल हो गया जिसे महुरीपुर पी एच सी में दाखिल कराया गया । उग्रवादियों ने रणजीत मजूमदार श्रीमती सरस्वती मजूमदार और श्रीमती सेफाली नामा का भी अपहरण किया । ये सभी बाईखोड़ा पुलिस स्टेशन, ईस्ट चरकवई के निवासी हैं (आई पी सी की धारा 148/149/326/364 (क) और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत बाईखोड़ा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 32/2000)।

3.9.2000 को लगभग 1900 बजे एन एल एफ टी के उग्रवादियों के एक दल (10/12) ने फटिकरॉय पुलिस स्टेशन, राधानगर के दुर्गा देबनाथ के घर पर छापा मारा और उन्हें घायल कर दिया। उन्हें आर0जी0एम0 अस्पताल, कैलाशहर में स्थानांतरित किया गया। उग्रवादियों के एक दल ने प्रसन्ना देबनाथ के घर पर भी छापा मारा और बन्दूक की नोक पर उनकी अवयस्क पुत्री रूपाली देबनाथ का अपहरण किया । (आई पी सी की धारा 364 (क)/326/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत फटिकरॉय पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 77/2000)।

18.10.2000 को लगभग 2000 बजे एन एल एफ टी के दो उग्रवादियों ने सचिन्द्रनगर कालोनी (पंप हाउस) कल्याण पुर पुलिस स्टेशन के सरूज देबराम उर्फ पठान (ए टी टी एफ से वापस आया व्यक्ति) को मार दिया और मृतक की पत्नी श्रीमती निरूबाला देबराम को भी परेशान किया (आई पी सी की धारा 302/325/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत कल्याणपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 96/2000)।

14.10.2000 को विक्रमजीत त्रिपुरा की अगुवाई में एन एल एफ टी के उग्रवादियों के एक दल ने मनु पुलिस स्टेशन के कार्तिकचेरा के पिजूश नामक व्यक्ति का अपहरण कर लिया । 13.9.2000 को लगभग 1900 बजे एन एल एफ टी के उक्त दल ने (1) श्रीमती सुनीता मजूमदार और (2) सुश्री अर्चना मजूमदार का मनु पुलिस स्टेशन, वेस्ट मसली से अपहरण कर लिया । 10.10.2000 को मामला दर्ज किया गया था (आई पी सी की धारा सं0 448/364 (क)/34 के तहत मनु पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 58/2000)।

<u>वर्ष 2000 के दौरान ए0टी0टी0एफ0 द्वारा किए गए अपराध</u>

16.2.2000 को लगभग 0930 बजे ए टी टी एफ के 15/16 उग्रवादियों ने नूतनबाजार पुलिस स्टेशन, चेलागंगमुख में जतनबाड़ी से अमरपुर जा रही बस के यात्रियों पर आधुनिक हथियारों से गोलियां बरसाईं (बस सं0 टी आर एस-1508)। इसके परिणामस्वरूप इन 8 व्यक्तियों को गोलियां लगीं (1) श्रीमती गीता रानी सरकार (42) पत्नी श्री जनार्दन सरकार, जतनबाड़ी (2) जनार्दन सरकार (50) सुपुत्र उपेन्द्र सरकार, जतनबाड़ी, (3) बादल पॉल सुपुत्र योगेश पॉल, जतनबाड़ी (4) दुलाल अचरजी सुपुत्र प्रफुल्ल अचरजी, चन्द्रपुर, (5) द्वाइपयान अचरजी, सुपुत्र जी वीरेन्द्र दास, जतनबाड़ी, (7) श्यामसुन्दर देबनाथ सुपुत्र मदन मोहन देबनाथ, नूतनबाजार (8) श्रीमती प्रणति अचरजी, पत्नी दुलाल अचरजी, चन्द्रपुर, ईस्ट अगरतला पुलिस स्टेशन। ए टी टी एफ ने इन तीन लोगों का भी अपहरण किया (1) एस0 के0 दास, आसूचना अधिकारी, एस आई बी, अम्बासा में तैनात (2) स्वरजीत डे, सुपुत्र निखिल चन्द्र डे, जतनबाड़ी (3) उक्त बस का एक अन्य अज्ञात यात्री। (आई पी सी की धारा 148/149/326/364 (क) और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत नूतनबाजार पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 9/2000)।

25.3.2000 को लगभग 0945 बजे बीर गंज पुलिस स्टेशन के अंतर्गत तापसपाड़ा में 11 बटालियन सी आर पी एफ और ए टी टी एफ के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई । यह मुठभेड़ लगभग 30 मिनट तक चली। नूतनबाजार से 9 बटालियन सी आर पी एफ भी तापसपाड़ा की ओर आ गई और इसने भी गोलीबारी की । यह बटालियन रबराइबाड़ी में विशेष अभियान पर थी । मुठभेड़ के बाद सी आर पी एफ के कर्मचारियों को एक अज्ञात उग्रवादी का शव मिला, 20 जीवित गोलियों के साथ ए के 56 राइफल मिली, 3 मैग्जीन, ए के शृंखला की एक खाली गोली, एक खुकरी, हरे रंग का एक बैग, ए टी टी एफ के कुछ कागज मिले (आई पी सी की धारा 148/149/353/307 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27/25 (1-ख) (क) के तहत बीरगंज पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 22/2000)।

5.3.2000 को लगभग 1230 बजे जगबंधु देबराम उर्फ निर्मल, सुपुत्र हेमनता देबराम और सिधेल पुलिस स्टेशन, कटचेरा के ए टी टी एफ के 7/8 अन्य सहयोगियों ने श्री रतीश दास, सुपुत्र क्षितिश च0 दास और सिधई पुलिस स्टेशन, सतचरी के अन्य लोगों पर हमला किया । इसके परिणामस्वरूप श्रीमती साबित्री दास (28), पत्नी पीजूश दास (2) झूटन घोष (6) सुपुत्र शक्ति पाडा घोष और (3) पिंकी दास (9) सुपुत्री भानुआलाल दास, सभी सिधई पुलिस स्टेशन, सतचरी के निवासी हैं और इन्हें गोलियां लगीं । घायल श्रीमती साबित्री दास और झूटन घोष को जी0 बी0 अस्पताल, अगरतला में स्थानांतरित किया गया था (आई पी सी की धारा 326/307/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत सिधई पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला सं0 13/2000)।

30.4.2000 को लगभग 1900 बजे ए टी टी एफ के अज्ञात सशस्त्र उग्रवादियों ने कुतुम पाडा जमातिया, डुलुमा चंदुक चेरा, बीरगंज पुलिस स्टेशन के अंतर्गत तापस पाड़ा में अपहरण कर लिया जब वे चाय पीने के बाद डुलुमा से अपने घर जा रहे थे। बाद में कुतुम पाडा जमातिया का शव तापसपाड़ा में पाया गया । उग्रवादियों ने निम्नलिखित लोगों की भी हत्याएं कीं -

(1) आनंद चरण जमातिया (2) शिवदयाल जमातिया (3) योगन्ता मोहन जमातिया (4) विचित्र कुमार जमातिया (5) विश्वनाथ जमातिया । दिनांक 2.5.2000 को बीरगंज पुलिस स्टेशन में भा0दं0सं0 की धारा 364/302/34 के तहत मामला सं0 31/2000 दर्ज किया गया ।

7.5.2000 को लगभग 2000 बजे ए.टी.टी.एफ. उग्रवादियों के एक दल ने तुलकराई बाड़ी, पु0 स्टे0 खोवाई के प्रीति कुमार देब्बारमा पर संकरीबाड़ी, पु0 स्टे0 खोवाई में गोली चलाई जब वह बैजलबाड़ी बाजार से अपने घर लौट रहे थे। उपरोक्त घटना के फलस्वरूप प्रीति कु0 देब्बारमा को गम्भीर चोट आई और उन्हें जी.बी. हॉस्पीटल, अगरतला में स्थानान्तरित कर दिया गया। (भा0 द0 संहिता की धारा 326/307 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत खोवाई पु0 स्टे0 में दर्ज मामला सं0 45/2000)

11.6.2000 को लगभग 1300 बजे ए.टी.टी.एफ. उग्रवादियों के एक दल (5/6) ने डोंगोरबाड़ी के राकेश देब्बारमा और मेलकाबाड़ी के निहार देब्बारमा का निहार देब्बारमा के घर से

अपहरण कर लिया, ये दोनों स्थान कल्याणपुर पु0 स्टे0 के अन्तर्गत हैं। कावाबास्सा, पु0 स्टे0 खोवाई ले जाने के पश्चात दोनों को गोली तथा तेज हथियारों से मार दिया गया । (भा0 द0 संहिता की धारा 364/302/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत कल्याणपुर पु0 स्टे0 में दर्ज मामला सं0 66/2000) ।

31.1.2000 को लगभग 0930 बजे ए.टी.टी.एफ. उग्रवादियों के एक दल ने अमरपुर-नूतनबाजार रोड, पु0 स्टे0 बीरगंज पर पहाडपुर में दो ट्रकों (टी.आर.एल-2760 और टी.आर.एल-2077) को रोका और (1) मनु मियाह (45), ड्राइवर, पुत्र ताबजल मियाह (2) बिलाल मियाह, असिस्टैंट पुत्र आहिद मियाह (3) माखन दास (मजदूर), सभी राजधार नगर के निवासी हैं, (4) मालू मियाह (32) ड्राइवर, टी.आर. एल-2077,रजारबाग (5) बाबुल दास, असिस्टैंट- टी आर.एल-2077, महारानी (6) गणेश पॉल (मजदूर) महारानी और (7) एक अन्य मजदूर (नाम नहीं पता) का अपहरण कर लिया (भा.द.संहि0 की धारा 148/149/364 (क) के अन्तर्गत बीरगंज पु0स्टे0में दर्ज मामला सं0 9/2000)

27.9.2000 को लगभग 2030 बजे ए.टी.टी.एफ के उग्रवादी दल (4/5) ने सान्तीपाड़ा, पु0स्टे0 रेशयाबाड़ी में शान्ति जमातिया के घर पर हमला किया और उसे गोली मार दी (भा.द.संहि0 की धारा 302/448/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के अन्तर्गत रैशयाबाड़ी पु0 स्टे0 में दर्ज मामला सं0 11/2000) ।

18.9.2000 को लगभग 1430 बजे ए.टी.टी.एफ. के उग्रवादियों के एक दल ने विश्व कुमार पाडा, पु0 स्टे0 कल्याणपुर के हरेन्द्र देब्बारमा की उत्तर महारानीपुर बाजार, पु0 स्टे0 कल्याणपुर में गोली मारकर हत्या कर दी (भा0 द0 संहि की धारा 302/34 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत कल्याणपुर पु0 स्टे0 में दर्ज मामला सं0 89/2000)

वर्ष 2001 के दौरान ए.टी.टी.एफ द्वारा किए गए अपराध

27.9.2001 को लगभग 0515 बजे के.रि.पु.बल की सी/32 बटा0 की ऑपरेशन पार्टी और ए.टी.टी.एफ के सशस्त्र उग्रवादियों के बीच जीरानिया पु0 स्टे0 के तहत हरीशचन्द्र पाड़ा में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के पश्चात, के.रि.पु.बल के कर्मचारियों को 3 हैवरसैक्स, 26, 7.62 लाइव एम्यूनिशन, 3 ए.के.-47 एम्यूनिशन इत्यादि बरामद हुए। के.रि.पु.बल के कर्मचारियों ने बुराखा, पु0स्टे0 जीरानिया के शंकर देब्बारमा पुत्र सुभाष देब्बारमा को भी पकड़ा। (भा.द.संहि0 की धारा 148/149/353/307 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत जिरानिया पु0 स्टे0 में दर्ज मामला सं0 90/2001)

29.7.2001 को लगभग 0630 बजे खोवाई पु0 स्टे0 के अन्तर्गत नक्षत्रबाड़ी (खोवाई पु0 स्टे0 से लगभग 24 कि0 मी0 दूर) में के.रि.पु.बल की 118 बटा0 और ए.टी.टी.एफ के उग्रवादियों के बीच एक मुठभेड़ हुई। जिसके परिणामस्वरूप नक्षत्रबाड़ी के बिशू मुंडा (22) पुत्र श्री गाजा मुंडा नामक एक ए.टी.टी.एफ.उग्रवादी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । ऑपरेशन पार्टी को घटनास्थल से एक

देसी बन्दूक और 3 खाली कारतूस बरामद हुए (भा0 दं0 संहिता की धारा 148/149/307 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत खोवाई पु0 स्टे0 मामला सं0 28/2001)

20.5.2001 को लगभग 0051 बजे, जीरनिया पु0 स्टे0 के अन्तर्गत मोहन कोबरा और उसके समीप के क्षेत्रों में ए.टी.टी.एफ के एक उग्रवादी ग्रुप की सक्रियता के बारे में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए के.रि.पु.बल/विशेष कार्य बल, त्रिपुरा राज्य राइफल्स और जिला पुलिस के सहयोग से एक विशेष ऑपरेशन दल गठित किया गया । जब के.रि.पु.बल दल 0500 बजे ठिकानों की ओर बढ़ रहा था तभी उग्रवादी दल ने गोली चलानी शुरू कर दी । के.रि.पु.बल ने भी बदले में गोलीबारी की । इस आपसी गोलीबारी के दौरान एक अज्ञात उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया।

ऑपरेशन पार्टी के अनुरोध पर एस.डी.पी ओ जीरानिया द्वारा कार्मिक भेजे गए। सुबह उग्रवादियों के साथ गोलाबारी हुई और उग्रवादी दल को घागरा पाड़ा पार करने से रोका गया । जब प्रवर्त्तन दल उग्रवादियों की ओर बढ़ रहा था तभी उग्रवादियों ने छोटे शस्त्रों से अन्धाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और बाद में एच.ई.ग्रेनेड फैंके। मुठभेड़ में, मनोरंजन देब्बारमा, सब-डिवीजनल पुलिस ऑफीसर (एस.डी.पी.ओ) जीरानिया, और हैड कांस्टेबल सुदीप साहा को गोली लगी। एस.डी.पी.ओ, जीरानिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और सुदीप साहा को जी.बी. हॉस्पीटल, अगरतला भेज दिया गया। इसी बीच, के.रि.पु.बल की 55 बटालियन के सी.ओ. के नेतृत्व में के.रि.पु.बल का एक दस्ता घटनास्थल पर पहुंचा। मुठभेड़ के दौरान एक अज्ञात उग्रवादी पकड़ा गया और उसके कब्जे से एक ए.के.-56 राइफल मैगजीन सहित ए.के राइफल के 6 जीवित कारतूस, ए.के.राइफल के 5 खाली कारतूस और एक चीनी ग्रेनेड बरामद हुआ (भा.द.संहिता की धारा 148/149/353/307/326/302 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 (1-क)/27 के तहत जीरानिया पु0स्टे0 में दर्ज मामला सं0 57/2001)

9.4.2001 को लगभग 1800 बजे जब ओ.एन.जी.सी का एक सर्वेक्षण दल के.औ.सु.बल के संरक्षण में सनिताला (तामकारी) क्षेत्र से वापस लौट रहा था तो ए.टी.टी.एफ के एक सशस्त्र उग्रवादी दल ने सनिताला और बरकताल के बीच में सड़क पर उनपर हमला किया। इसके फलस्वरूप के.औ.सु.बल के 2 कार्मिकों को गोली लगी और उन्हें जी.बी. अस्पताल, अगरतला भेजा गया। मुठभेड़ के दौरान, रामसाधुपाड़ा स्कूल के कोकबारक अध्यापक रणजीत देब्बारमा नामक एक मोटरसाइकिल वाहक को भी गोली लगी जिसने बाद में जी.बी.अस्पताल, अगरतला में दम तोड़ दिया (भा.द.संहि की धारा 148/149/326/302/307 और शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत सिधाई पु.स्टे.में दर्ज मामला सं0 27/2001)

20.4.2001 को 1600 बजे और 1615 बजे के बीच टी.एस.आर की तीसरी बटा0 की एक कम्पनी और ए.टी.टी.एफ के उग्रवादियों के बीच काइन किशोर पाड़ा और भुईयांचेरा, पु0स्टे0रेशयाबाड़ी क्षेत्र में एक मुठभेड़ हुई।

7.4.2001 को लगभग 15-00 बजे ए टी टी एफ के आंतकवादियों ने गांव चंद्रदास (कमला आश्रम) पर हमला किया और कृति भूषण चकमा, सुमति रानी चकमा, बेनूलाल चकमा और टुंगिया चकमा, जो सभी कमला आश्रम, पुलिस थाना रैशयाबाड़ी के निवासी थे , के घर को आग लगा दी । इसके फलस्वरूप उनका घर ढह गया । एक बुद्ध मंदिर, जो कृति भूषण चकमा के घर के निकट था, भी ढह गया (भारतीय दंड संहिता की धारा 436/34 के तहत रैशयाबाड़ी पुलिस थाने मामला में मामला सं0 02/2001)

28.4.2001 को लगभग 2000 बजे ए टी टी एफ के आतंकवादियों के एक दल ने बीरचंद्र पारा, पुलिस थाना कल्याणपुर के निकट एक जीप पर हमला किया और सोनाचारी, पुलिस थाना कल्याणपुर के ड्राइवर गोपालदेबबर्मा तथा सुमंतपुर, पुलिस थाना चंपाहावर के कुलेन्द्र देबबर्मा की हत्या कर दी । (भा0द0सं0 की धारा 148/149/302/307 तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत कल्याणपुर पुलिस थाना मामला में मामला सं0 14/2001)

28.2.2001 को, लगभग 0535 बजे ए टी टी एफ के आतंकवादियों के एक इल (20 /25) ने खेनगराई, पुलिस थाना जिरानिया के बिशुराय देबबर्मा के घर पर हमला किया और उनके पुत्र का अपहरण कर लिया और उसे घसीटते हुए दशापारा तक ले गए और उसे काट-काट कर उसकी हत्या कर दी (भा0दं0सं0 की धारा 448/364/302/34 के तहत पुलिस थाने में मामला सं0 028/2001)

27.5.001 को, लगभग 0825 बजे तिनगड़िया रेल पटरी से तीन अज्ञात नवयुवकों के शव बरामद हुए जिन पर गोलियों के निशान थे । उन्हें ए टी टी एफ आतंकवादियों द्वारा इस शक के कारण मार दिया गया था कि वे एन एल एफ टी आतंकवादियों के सहयोगी अथवा सदस्य थे । (भा0दं0सं0 की धारा 302 तथा सशस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत तेलियामुरा पुलिस थाने में मामला सं0 37/2001)

26.4.2001 को लगभग 1015 बजे विधान सभा सदस्य श्री प्रणब देबबर्मा तथा विपक्षी, त्रिपुरा आदिवासी क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटी ए ए डी सी) के विपक्षी नेता श्री गधा चरण के अंगरक्षक दल पर संदिग्ध ए टी टी एफ आतकवादियों द्वारा कैन्टोकोबरा, पुलिस थाना जिरानिया में छिपकर हमला किया गया इसके फलस्वरूप जिरानिया पुलिस थाना के ए0एस0आई0 नारायण देबनाथ (2) हेड कांस्टेबल बादल भौमिक (3) सी/670 राजीब देवराय (4) सी/227 सुरेन्द्र देबबर्मा (5) सी/69 राजेन्द्र देबबर्मा (6) डी/सी बिमल देब तथा (7) सी/2070 संध्यागम देबबर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई । पहली बटालियन टी0एस0आर0 के राईफलमैन साधन सरकार तथा चंपामुरा, पुलिस थाना जिरानिया के खोकन दास (चालक) की जी0बी0 अस्पताल, अगरतला में मृत्यु हो गई । इनके अलावा तीन अन्य राईफलमैनों को गंभीर चोटें आई । आतंकवादियों ने उनसे 2 एसएलआर, एक .303 राईफल तथा एक स्टेनगन भी छीन ली। (भा0दं0सं0 की धारा 396/307/326 तथा सशस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत जिरानिया पुलिस थाने में मामला सं0 48/2001)

वर्ष 2001 के दोरान एन0एल0एफ टी द्वारा किए गए अपराध

3.2.2001 को लगभग 1000 बजे जैंगबाड़ी, पुलिस थाना किल्ला क्षेत्र में एन एल एफ टी आतंक वादियों तथा किल्ला पुलिस थाना के विशेष ऑपरेशन दल के बीच एक भिड़ंत हुई ।

भिड़ंत के बाद, पुलिस ने 23/24 वर्ष के एक नवयुवक का शव, एक भरी हुई कारबाइन, 126 सजीव राउंड्स भरी हुई 3 मैगजीन, एक पॉकेट डायरी, 4 कैसेटें तथा 2,730/-रु. नकद बरामद किए (भा0दं0सं0 की धारा 148/149/364(क)/307 तथा सशस्त्र अधिनियम 25(1-बी) (क)/27 के तहत किल्ला पुलिस थाना में मामला सं0 1/2001)

